पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 12 एवं एनबीडब्ल्यू में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 15.03.2023

दिनांक 14/15-03-2023 को रात्रि थाना बी0के0टी0 06, बी0बी0डी0 01, अलीगंज 01, मड़ियांव 02, विभूतिखण्ड 01, ठाकुरगंज 01 एवं एनबीडब्लू में थाना इटौंजा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 12 एवं एनबीडब्ल्यू में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना गौतमपल्ली:- दिनांक 15-03-2023 को थाना गौतमपल्ली द्वारा बताया गया कि श्रीमती संतोष पत्नी सनी मूल निवासी बाल्दा सदर कैण्ट थाना कैण्ट लखनऊ ने थाना गौतमपल्ली पर सूचना दिया कि उनके पति सनी उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र स्व0 राजू निवासी हाल पता नई बस्ती सदर बाजार थाना कैण्ट लखनऊ जो मानसिक रूप से बीमार थे जिसका इलाज चल रहा था। आज दिनांक 15.03.2023 को सुबह करीब 07.20 बजे सदर रेलवे क्रासिंग पार करते समय ट्रेन से दुर्घटना हो गई जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री संदीप मौर्या मो0नं0 8299150922 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक नगर निगम में सफाई कर्मचारी था। मृतक के 03 बच्चे है।

थाना चिनहट- दिनांक 15-03-2023 को थाना चिनहट द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती पूनम सिंह पत्नी विजय सिंह निवासी ग्राम उदयपुर खुर्द थाना छावनी जनपद बस्ती वर्तमान पता हरिनगर कालोनी सेमरा चिनहट प्लाट न0 09 थाना चिनहट लखनऊ ने थाना चिनहट पर सूचना दिया कि वादिनी दिनांक 11-03-2023 को घर पर ताला लगाकर सपरिवार पैतृक गांव में एक शादी समारोह में सम्मिलित होने गई थी। दिनांक 13-03-2023 को सुबह 07.40 बजे को वादिनी के पडोसियों द्वारा बताया गया कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है घर में चोरी हो गई है। इस सूचना पर वादिनी जब अपने घर वापिस आकर देखा तो अलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे वादिनी का आधार कार्ड, पैन कार्ड व सोने व चाँदी के कीमती जेवरात व 52,000/- रू0 नगद अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना चिनहट पर मु0अ0सं0 111/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर, आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना गुड़म्बा- दिनांक 15-03-2023 को थाना गुड़म्बा द्वारा बताया गया कि श्री राजबीर सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी 655जी/330 अदिल नगर थाना गुड़म्बा लखनऊ ने थाना गुड़म्बा पर सूचना दिया कि उसके घर तीसरी मंजिल पर किराये पर मंतसा उम्र लगभग 21 वर्ष पुत्री रईश अहमद निवासी सुठाना बरसोला थाना तिकोनिया जनपद लखीमपुर खीरी रहती थी। आज दिनांक 15.03.2023 को सुबह करीब 11 बजे तीसरी मंजिल पर ही किराये पर रहने वाले विष्णु ने बताया कि मंतसा अपने कमरे में पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लिया है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री अभिषेक पाण्डेय मो0नं0 9454407791 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतका अविवाहित थी। मृतका ताइक्वांडो की ट्रेनिंग देती थी।